रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-23112021-231296
CG-DL-E-23112021-231296

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 579] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, नवम्बर 18, 2021/कार्तिक 27, 1943
No. 579] NEW DELHI, THURSDAY, NOVEMBER 18, 2021/KARTIKA 27, 1943

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 नवम्बर, 2021

F. No: AD-11023/2/2021-ADMIN-R-HO-CPCB-HO.—केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनमोदन से, जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1974 (1974 का 6) की धारा 12 की उप-धारा (3क) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सदस्य सचिव को छोड़कर अन्य अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की भर्ती की पद्धति, सेवा की निबंधन और शर्तें) विनियम, 1995, और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डाटा प्रोसोसिंग सहायक की भर्ती की पद्धति, सेवा की निबंधन और शर्तें) विनियम, 2013 का उन बातों के सिवाय अधिक्रमण करते हुए, जिन्हें ऐसा अधिक्रमण किए जाने से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, एतद्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ**:- इन विनियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सदस्य सचिव को छोड़कर अन्य अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की भर्ती की पद्धति, सेवा की निबंधन और शर्तें) विनियम, 2021 है।

   (2) ये सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं**: - इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

(क) "बोर्ड" से जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1974 के तहत गठित केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिप्रेत है;

(ख) "अध्यक्ष" से बोर्ड के अध्यक्ष अभिप्रेत है;

(ग) "सदस्य-सचिव" से बोर्ड के सदस्य-सचिव अभिप्रेत है;

(घ) "कर्मचारी" से ऐसे किसी अधिकारी या सेवक जिसे अनुसूची-I के स्तम्भ (2) में दर्शाए गए अनुसार बोर्ड के कार्मिक के रूप में नियुक्त किया गया हो अभिप्रेत है;

(ङ) "पद" से समूह 'क', समूह 'ख' अथवा समूह 'ग' (एमटीएस के रूप में पुनः पदनामित पूर्ववर्ती पदों के सहित) के पदों से है, ऐसे पद तदनुसार अनुसूची-II के स्तम्भ (3) में, यथास्थिति, समूह 'क', समूह 'ख' अथवा समूह 'ग' के रूप में विनिर्दिष्ट अभिप्रेत है;

(च) "अनुसूची" से इन विनियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है।

3 **विद्यमान कर्मचारियों से संबंधित प्रावधान:**- इन विनियमों के लागू होने के समय वे सभी व्यक्ति जो इस बोर्ड के कर्मचारी हैं उन्हें अनुसूची-I में विनिर्दिष्ट संबंधित पदों पर नियुक्त किया गया माना जाएगा।

4. **बोर्ड के अधिकारी और अन्य कर्मचारी:**– बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रकृति और श्रेणियाँ तथा इनके वेतन मैट्रिक्स में स्तर अनुसूची-I में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार होंगे।

5. **संख्या, वर्गीकरण, वेतन मैट्रिक्स में स्तर, भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अन्य अर्हताएं:**– पदों के नाम, इनकी संख्या, वर्गीकरण एवं वेतन मैट्रिक्स में स्तर, भर्ती की पद्धति, आयु-सीमाएं, अर्हताएं तथा उक्त पदों से संबंधित अन्य मामले अनुसूची-II के स्तम्भ (1) से (12) में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार होंगे।

6. **अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के वेतन, भत्ते, छुट्टी तथा सेवा की अन्य शर्तें:**-(1) बोर्ड के कर्मचारियों के वेतन मैट्रिक्स में स्तर अनुसूची-I के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार होंगे।

(2) केन्द्रीय सरकार के अधीन वेतन मैट्रिक्स में तत्स्थानी स्तर के पद धारण करने वाले अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के लिए समय-समय पर यथा लागू संशोधन तथा इस समय प्रवृत्त नियम और आदेश भत्तों, अवकाश, कार्यभार ग्रहण करने का समय, कार्यभार ग्रहण करने के समय के वेतन, भविष्य निधि, उपदान, सेवानिवृत्ति की आयु, सेवानिवृत्ति लाभ, चिकित्सा सुविधाओं से संबंधित सेवा की शर्तों और बोर्ड के कर्मचारियों की अन्य सेवा शर्तों को विनियमित करेंगे, जिसमें केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के समतुल्य लचीली अनुपूरक योजना के अधीन शामिल किए गए वैज्ञानिक और इंजीनियर अर्थात् "केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (संशोधन) विनियम, 2011 में वैज्ञानिक और तकनीकी समूह 'क' पद" द्वारा यथा संशोधित "केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विनियम, 2009 में वैज्ञानिक और तकनीकी समूह 'क' पद" भी शामिल हैं।

7. **नियुक्ति प्राधिकारी:**– (1) समूह 'क' और समूह 'ख' के पदों पर नियुक्तियां अध्यक्ष द्वारा की जाएंगी:

परन्तु इस उपबंध में वेतन मैट्रिक्स में स्तर-13 या इससे ऊपर आने वाले पद के संबंध में कोई भी नियुक्ति केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना अध्यक्ष द्वारा नहीं की जाएगी।

(2) समूह 'ग' (एमटीएस के रूप में पुनः पदनामित पूर्ववर्ती पदों के सहित) की सभी नियुक्तियां सदस्य सचिव द्वारा की जाएंगी।

8. **व्यावृत्ति:**– इन विनियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों, अन्य पिछड़ा वर्गों तथा अन्य विशेष प्रवग के व्यक्तियों के लिए उपबंध किया जाना अपेक्षित है।

9. **शिथिल करने की शक्ति:–** जहां बोर्ड की राय में यह किया जाना आवश्यक या समीचीन हो तो यह केन्द्रीय सरकार के साथ परामर्श करके, आदेश द्वारा और लिखित में निमित्त कारणों को दर्ज करके किसी भी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों के संबंध में इन विनियमों के किसी भी अन्य उपबंधों को शिथिल कर सकता है।

10. **ऐसे मामले, जिनके संबंध में कोई उपबंध नहीं किया गया है:–** अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की सेवा शर्तों से संबंधित ऐसे मामलों के संबंध में जिनके संबंध में इन विनियमों में कोई उपबंध नहीं किया गया है उनको निर्णय करने के लिए केन्द्रीय सरकार के पास भेजा जाएगा।

11. **विविध:–** सीधी भर्ती के सभी मामलों में, सभी कर्मचारियों को परिवीक्षा अवधि को पूरा करने हेतु कम से कम दो सप्ताह की अवधि के एक प्रशिक्षण की पूर्वापेक्षा होगी और प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम का निर्धारण एवं निर्णय सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा।

अनुसूची - I

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में पद और वेतन मैट्रिक्स में स्तर

[विनियम 2(घ), 3, 4 और 6 देखिए]

क्रम सं.	पद का नाम	वेतन मैट्रिक्स में स्तर
(1)	(2)	(3)
1.	ज्येष्ठ विधि अधिकारी	स्तर-12 (रु.78800-209200)
2.	ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	स्तर-12 (रु.78800-209200)
3.	प्रशासनिक अधिकारी	स्तर-11 (रु.67700-208700)
4.	विधि अधिकारी	स्तर-11 (रु.67700-208700)
5.	लेखा अधिकारी	स्तर-7 (रु.44900-142400)
6.	सहायक लेखा अधिकारी	स्तर-7 (रु.44900-142400)
7.	सहायक विधि अधिकारी	स्तर-7 (रु.44900-142400)
8.	सहायक निदेशक (राजभाषा)	स्तर-7 (रु.44900-142400)
9.	वैयक्तिक सचिव	स्तर-7 (रु.44900-142400)
10.	ज्येष्ठ तकनीकी पर्यवेक्षक	स्तर-7 (रु.44900-142400)
11.	अनुभाग अधिकारी	स्तर-7 (रु.44900-142400)
12.	प्रारुपण पर्यवेक्षक	स्तर-6 (रु.35400 - 112400)
13.	ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायक	स्तर-6 (रु.35400 - 112400)
14.	ज्येष्ठ अनुवादक	स्तर-6 (रु.35400 - 112400)
15.	तकनीकी पर्यवेक्षक	स्तर-6 (रु.35400 - 112400)
16.	सहायक	स्तर-6 (रु.35400 - 112400)
17.	लेखा सहायक	स्तर-6 (रु.35400 - 112400)
18.	कनिष्ठ अनुवादक	स्तर-6 (रु.35400 - 112400)
19.	आशुलिपिक श्रेणी-I	स्तर-6 (रु.35400 - 112400)

क्रम सं.	पद का नाम	वेतन मैट्रिक्स में स्तर
(1)	(2)	(3)
20.	प्रकाशन सहायक	स्तर-6 (रु.35400 - 112400)
21.	ज्येष्ठ प्रारुपकार	स्तर-6 (रु.35400 - 112400)
22.	डाटा प्रोसेसिंग सहायक	स्तर-6 (रु.35400 - 112400)
23.	चालक विशिष्ट श्रेणी	स्तर-6 (रु.35400 - 112400)
24.	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर श्रेणी-I	स्तर-5 (रु.29200 -92300)
25.	चालक श्रेणी-I	स्तर-5 (रु.29200 -92300)
26.	कनिष्ठ तकनीशियन	स्तर-4 (रु.25500-81100)
27.	ज्येष्ठ प्रयोगशाला सहायक	स्तर-4 (रु.25500-81100)
28.	चालक श्रेणी-II	स्तर-4 (रु.25500-81100)
29.	आशुलिपिक श्रेणी-II	स्तर-4 (रु.25500-81100)
30.	प्रवर श्रेणी लिपिक	स्तर-4 (रु.25500-81100)
31.	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर श्रेणी -II	स्तर-4 (रु.25500-81100)
32.	चालक (साधारण श्रेणी)	स्तर-2 (रु 19900 -63200)
33.	कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक	स्तर-2 (रु.19900 -63200)
34.	अवर श्रेणी लिपिक	स्तर-2 (रु.19900 -63200)
35.	मल्टी टास्किंग स्टाफ श्रेणी-I	स्तर-2 (रु.19900 -63200)
36.	क्षेत्रिय परिचर	स्तर-1 (रु.18000 -56900)
37.	मल्टी टास्किंग स्टाफ	स्तर-1 (रु.18000 -56900)

अनुसूची - II

[विनियम 2(ङ), और 5 देखिए]

पद का नाम	पद की संख्या	वर्गीकरण	वेतन मैट्रिक्स में स्तर	चयन या अचमन पद	सीधी भर्ती के लिए आयु-सीमा	सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.ज्येष्ठ विधि अधिकारी	1* (2021) * कार्य की अधिकता पर निर्भर करते हुए कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'क', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-12 (रु.78800-209200)	चयन	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

क्या प्रोन्नत किए जाने वाले व्यक्तियों के मामले में, सीधी भर्ती के अभ्यर्थियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं लागू होंगी।	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो।	भर्ती की पद्धति: भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/ आमेलन द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/ आमेलन द्वारा भर्ती किए जाने के मामले में, श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति आमेलन की जानी है।	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति विद्यमान है तो इसकी संरचना है।
(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है।)	**प्रोन्नति:** ऐसा विधि अधिकारी जिसने वेतन मैट्रिक्स (रु.67,700-2,08,700) में स्तर-11 में पाँच वर्ष की नियमित सेवा की हो। **टिपण्णी:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि की संविदा सहित):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्यक्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी - (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या	**विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति पर विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव या सलाहकार (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाला) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (रु.67,700–2,08,700) में स्तर-11 में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में पाँच वर्ष की सेवा की हो। (ख) जिनके पास निम्नलिखित अर्हताएं एवं अनुभव हो: (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विधि में स्नातक की डिग्री, और (ii) जो अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के अनुसार एक अर्हक विधि-व्यवसायी होना चाहिए, जिसके पास कम से कम आठ वर्ष का अनुभव हो, जिसमें से पाँच वर्षों का अनुभव उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में पर्यावरण संबंधी मुकदमों के मामले संभालने का होना चाहिए। या (iii) ऐसे व्यक्ति जिन्हें पर्यवेक्षी स्तर पर अधिमानतः पर्यावरण संबंधी प्रदूषण से संबंधित मामलों में, विधि परामर्श देने का कम से कम आठ वर्ष का अनुभव हो। **टिप्पण 1:** पात्रता सेवा उन व्यक्तियों के लिए जो संशोधित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण	

			किए हुए हैं, वही बनी रहेगी। **टिप्पण 2:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इन नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
2. ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	01 * (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'क', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-12 (रु.78800-209200)	चयन	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है।)	**प्रोन्नति:** ऐसा प्रशासनिक अधिकारी जिसने वेतन मैट्रिक्स (रु.67,700-2,08,700) में स्तर-11 में पाँच वर्ष की नियमित सेवा की हो। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या	**विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति पर विचार करने के लिए) में जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव या सलाहकार (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाला) अथवा उसका

			दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी - (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (रु.67,700–2,08,700) में स्तर-11 में नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में पाँच वर्ष की सेवा की हो। (ख) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री, और (ग) जिसके पास प्रशासन या लेखा या स्थापना में पर्यवेक्षी क्षमता में 10 वर्ष का अनुभव हो। **वांछनीयः** कार्मिक प्रबंधन में परा स्नातक डिप्लोमा या कार्मिक प्रबंधन में विशेज्ञता के साथ व्यावसाय प्रशासन में मास्टर डिग्री। **टिप्पण 1:** पात्रता सेवा उन व्यक्तियों के लिए जो संशोधित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, वही बनी रहेगी। **टिप्पण 2:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार	नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इन नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
3. प्रशासनिक अधिकारी	07* (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'क', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु. 67,700–2,08,700) में स्तर-11	चयन	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	दो वर्ष	प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है।)	**प्रोन्नति:** वेतन मैट्रिक्स (रु.44,900- 1,42,400) में स्तर-7 में सात वर्षों की नियमित सेवा वाले अनुभाग अधिकारी, लेखा अधिकारी और वैयक्तिक सचिव। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव या सलाहकार (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाला) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **टिप्पण**: *पचास प्रतिशत रिक्तियों को अनुभाग अधिकारियों की श्रेणी से, पच्चीस प्रतिशत रिक्तियों को लेखा अधिकारी और पच्चीस प्रतिशत रिक्तियों को वैयक्तिक सचिव की श्रेणी से भरा जाएगा। यदि दोनों श्रेणियों में से किसी में भी कोई पात्र अभ्यर्थी नहीं होगा तो पद को उस श्रेणी से भरा जाएगा जिसमें पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध है।* **टिप्पण 1:** अनुभाग अधिकारियों, लेखा अधिकारियों और वैयक्तिक सचिवों की परस्पर ज्येष्ठता संबंधित श्रेणी में नियमित नियुक्ति की तारीख के अनुसार होगी। **टिप्पण 2:** उन व्यक्तियों के लिए पात्रता सेवा जो संशोधित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, वही बनी रहेगी। **टिप्पण 3:** प्रशासनिक अधिकारी की श्रेणी में प्रोन्नति के लिए विचार करने हेतु अर्हक सेवा की गणना करते समय, स्तर–7 में की गई कुल नियमित सेवा को	

			विचार में लिया जाएगा।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
4. विधि अधिकारी	*02 (2021) कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'क', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु.67,700–2,08,700) में स्तर-11	चयन	40 वर्ष तक। **टिप्पण 1:** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक की छूट दी जा सकती है। **टिप्पण 2:** आयु-सीमा तय करने हेतु निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी और न कि आसाम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पिति जिला व चम्बा जिले के उप-मंडल पांगी और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख, अंडामान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहने वालों के लिए विनिर्दिष्ट अंतिम तारीख।	**अनिवार्य** : (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विधि में स्नातक की डिग्री; और (ii) राज्य न्यायिक सेवा के एक अधिकारी के रूप में सात वर्ष का अनुभव होना चाहिए; या (iii) केन्द्रीय सरकार का सेवक होना चाहिए, जिसे विधि संबंधी मामलों का सात वर्ष का अनुभव हो; या (iv) किसी राज्य के विधि विभाग में सात वर्ष का अनुभव होना चाहिए; या (v) एक अर्हक विधि-व्यावसायी होना चाहिए जिसने सात वर्ष तक व्यावसाय किया हो। **टिप्पण:** सात वर्ष के अनुभव की आवश्यकता के संबंध में वकालत की अवधि के साथ विधि परामर्श की अवधि की गणना की जाएगी।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	एक वर्ष	प्रोन्नति के द्वारा जिसके विफल होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) और दोनों के विफल होने पर सीधी भर्ती के द्वारा।	**प्रोन्नति:** स्तर–7 में सात वर्षों की नियमित सेवा वाले सहायक विधि अधिकारी। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि	**चयन समिति:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव या सलाहकार (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाले) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए गए दो विशेषज्ञ - **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड –**सदस्य।**

			उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (रु.56,100–1,77,500) में स्तर-10 में नियमित आधार पर, उस पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में पाँच वर्ष की सेवा की हो; और (ख) स्तम्भ (7) में सीधी भर्ती वालों के लिए निर्धारित अर्हताएं एवं अनुभव रखता हो। **टिप्पण 1:** उन व्यक्तियों के लिए जो संशोधित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, पात्रता सेवा वही बनी रहेगी।	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव या सलाहकार (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाले) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			टिप्पण 2: पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इन नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
5. लेखा अधिकारी	02* (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु. 44900-142400) में स्तर-7	चयन	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)	**प्रोन्नति:** वेतन मैट्रिक्स (रु.44,900-1,42,400) में स्तर-7 में दो वर्ष की नियमित सेवा वाला सहायक लेखा अधिकारी **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां	**विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक या उप सचिव (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाले) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा

			उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने विभाग के मूल काडर में वेतन मैट्रिक्स (रु.35,400–1,12,400) में स्तर-6 या समकक्ष में नियमित आधार पर, उस पर नियुक्ति के पश्चात् श्रेणी में पाँच वर्ष की सेवा की हो; और (ख) निम्नलिखित अर्हताएं और अनुभव रखता हो: किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वाणिज्य में स्नातक की डिग्री के साथ पर्यवेक्षी स्तर पर पाँच वर्ष का अनुभव अथवा लेखा, लेखा परीक्षा और वित्तीय प्रबंधन में पाँच वर्ष का अनुभव रखने वाला अधीनस्थ लेखा परीक्षा/लेखा सेवा परीक्षा लेखाकार।	नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			टिप्पण 1: उन व्यक्तियों के लिए जो संशोधित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, पात्रता सेवा वही बनी रहेगी। **टिप्पण 2:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इन नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
6. सहायक लेखा अधिकारी	5* (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु. 44,900-1,42,400) में स्तर-7	चयन	पैंतीस वर्ष तक। **टिप्पण 1:** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक की छूट दी जा सकती है। **टिप्पण 2:** आयु-सीमा तय करने हेतु निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम	**अनिवार्य**: किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वाणिज्य में डिग्री के साथ पर्यवेक्षी स्तर का पाँच वर्ष का अनुभव अथवा किसी प्रख्यात संगठन या संस्थान में लेखा, लेखा परीक्षा और संबंधित वित्त कार्यों में पाँच वर्ष के अनुभव वाला एक अधीनस्थ लेखा परीक्षा/लेखा सेवा परीक्षा लेखाकार। **वांछनीय**: चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया या इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट्स एन्ड अकाउंट्स का संबद्ध सदस्य। **टिप्पण:** अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों या

					तारीख होगी और न कि आसाम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पिति जिला व चम्बा जिले के उप-मंडल पांगी और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख, अंडामान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहने वालों के लिए विनिर्दिष्ट अंतिम तारीख।	अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के मामले में शिथिल की जा सकती हैं, यदि चयन के किसी भी स्तर पर अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	दो वर्ष (सीधी भर्ती के लिए)	अस्सी प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)। बीस प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा	**प्रोन्नति:** वेतन मैट्रिक्स (रु.35,400-1,12,400) में स्तर–6 में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाला लेखा सहायक। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):**	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने हेतु) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव या सलाहकार (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाले) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने विभाग के मूल काडर में वेतन मैट्रिक्स (रु.35,400–1,12,400) में स्तर-6 या समकक्ष में नियमित आधार पर, उस पर नियुक्ति के पश्चात् श्रेणी में पाँच वर्ष की सेवा की हो; और (ख) सीधी भर्ती वालों के लिए स्तम्भ (7) में विनिर्दिष्ट अर्हताएं एवं अनुभव रखता हो। **टिप्पण 1:** उन व्यक्तियों के लिए जो संशोधित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, पात्रता सेवा वही बनी रहेगी। **टिप्पण 2:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इन नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
7. सहायक विधि अधिकारी	02* (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु. 44,900-1,42,400) में स्तर-7	लागू नहीं होता।	30 वर्ष तक **टिप्पण:** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक की छूट दी जा सकती है। **टिप्पण:** आयु-सीमा तय करने हेतु निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी और न कि आसाम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पिति जिला व चम्बा जिले के उप-मंडल पांगी और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख, अंडामान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहने वालों के लिए विनिर्दिष्ट अंतिम तारीख।	**अनिवार्य** : (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विधि में स्नातक में डिग्री; और (ii) राज्य न्यायिक सेवा के एक अधिकारी के रूप में पाँच वर्ष का अनुभव होना चाहिए; या (iii) केन्द्रीय सरकार का सेवक होना चाहिए, जिसे विधि संबंधी मामलों का पाँच वर्ष का अनुभव हो; या (iv) किसी राज्य के विधि विभाग में पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए; या (v) एक अर्हक विधि-व्यावसायी होना चाहिए जिसने पाँच वर्ष तक व्यावसाय किया हो। **टिप्पण:** पाँच वर्ष के अनुभव की आवश्यकता के संबंध में वकालत की अवधि के साथ विधि परामर्श की अवधि की गणना की जाएगी। **सीधी भर्ती के लिए:** **टिप्पण 1:** अभ्यर्थि के अन्यथा सुयोग्य होने के मामले में अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विवेकाधीन अर्हताओं को शिथिल किया जा सकता है। **टिप्पण 2:** अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के मामले में शिथिल की जा सकती हैं, यदि चयन के किसी भी स्तर पर अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	दो वर्ष (सीधी भर्ती के लिए)	सीधी भर्ती द्वारा। **टिप्पण:** पदधारी के एक या एक से अधिक वर्ष के लिए प्रतिनियुक्ति पर जाने या लम्बी बीमारी या अध्ययन अवकाश पर होने या अन्य परिस्थितियों के	**प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने हेतु) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु

		अन्तर्गत दूर जाने के कारण बनी रिक्तियों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जा सकता है (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)	अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने विभाग या मूल काडर में वेतन मैट्रिक्स (रु.35,400–1,12,400) में स्तर-6 या समकक्ष में नियमित आधार पर, उस पर नियुक्ति के पश्चात् श्रेणी में पाँच वर्ष की सेवा की हो; और (ख) सीधी भर्ती वालों के लिए स्तम्भ (7) में विनिर्दिष्ट अर्हताएं एवं अनुभव रखता हो। **टिप्पण 1:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 2:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इन नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव या सलाहकार (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाले) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।.**

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
8. सहायक निदेशक (राजभाषा)	01* (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु. 44,900-1,42,400) में स्तर-7	चयन	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	प्रतिनियुक्ति/प्रोन्नति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)। (संयुक्त विधि)	**प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** 1. केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने विभाग या मूल काडर में वेतन मैट्रिक्स (रु.35,400–1,12,400) में स्तर-6 या समकक्ष में नियमित आधार पर, उस पर नियुक्ति के पश्चात् श्रेणी में पाँच वर्ष की सेवा की हो; और (ख) निम्नलिखित अर्हताएं और अनुभव रखता हो: **अनिवार्य अर्हता:** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी के साथ हिंदी में मास्टर की डिग्री; या (ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी के साथ अंग्रेजी में मास्टर की डिग्री; या (iii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में और हिंदी व अंग्रेजी से भिन्न किसी अन्य विषय में, हिंदी माध्यम से मास्टर की डिग्री; या	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने हेतु) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव या सलाहकार (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाले) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			(iv) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर हिंदी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में और हिंदी व अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य विषय में, अंग्रेजी माध्यम से मास्टर की डिग्री; या (v) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य या वैकल्पिक विषयों के रूप में या दोनों में से एक परीक्षा के माध्यम के रूप में और दूसरा अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हो और साथ में हिंदी या अंग्रेजी से भिन्न किसी भी अन्य विषय में मास्टर की डिग्री; और (ग) (i) केन्द्रीय या राज्य सरकारों या स्वायत्त निकायों या कानूनी संगठनों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान अथवा शैक्षणिक संस्थानों के अन्तर्गत अधिमानतः तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य का अंग्रेजी से हिंदी या हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य करने में और हिंदी में शब्दावली (शब्दावली कार्य) को प्रयोग में लाने/अनुप्रयोग करने का तीन वर्षों का अनुभव; या (ii) केन्द्रीय या राज्य सरकारों या स्वायत्त निकायों या कानूनी संगठनों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान अथवा शैक्षणिक संस्थानों के अन्तर्गत हिंदी और अंग्रेजी के अध्यापन या हिंदी अथवा अंग्रेजी में अनुसंधान का तीन वर्ष का अनुभव। **टिप्पण 1:** उन व्यक्तियों के लिए जो संशोधित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं,	

			पात्रता सेवा वही बनी रहेगी। **टिप्पण 2:** इस या अन्य संगठन या केन्द्रीय सरकार के विभाग या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या केन्द्रीय या राज्य के स्वायत्त या कानूनी निकायों में ठीक इस नियुक्ति पर जाने से पूर्व धारित अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **प्रोन्नति**: (घ) श्रेणी में पाँच वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके विभागीय ज्येष्ठ अनुवादकों पर भी विचार किया जाएगा और यदि उसका चयन इस पद पर नियुक्ति के लिए हो जाता है तो इसे प्रोन्नति द्वारा भरा गया पद माना जाएगा। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
9. वैयक्तिक सचिव	20* (2021) *	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु. 44,900-	चयन	30 वर्ष तक। **टिप्पण1:** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी	(क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक की

	कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।		1,42,400) में स्तर-7		आदेशों या अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक की छूट दी जा सकती है। **टिप्पण2:** आयु-सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी और न कि आसाम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पिति जिला व चम्बा जिले के उप-मंडल पांगी और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख, अंडामान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहने वालों के लिए विनिर्दिष्ट अंतिम तारीख।	डिग्री अथवा समकक्ष अर्हता (ख) (i) अंग्रेजी आशुलिपि और कम्प्यूटर पर टंकण की क्रमशः 120 शब्द प्रति मिनट और 40 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति के साथ परीक्षा पास करना; या (ii) क्रमशः 120 शब्द प्रति मिनट और 35 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति पर कम्प्यूटर पर हिंदी आशुलिपि और टंकण की परीक्षा पास हो। (ग) सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्वायत्त निकाय में आशुलिपिक के पद पर पाँच वर्ष का अनुभव।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	दो वर्ष (सीधी भर्ती के लिए)	प्रतिनियुक्ति/प्रोन्नति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)। (संयुक्त पद्धति) दोनों के विफल होने पर सीधी भर्ती द्वारा।	**प्रोन्नति:** वेतन मैट्रिक्स (रु.35,400-1,12,400) के स्तर-6 में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले आशुलिपिक श्रेणी-I **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने हेतु) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव या सलाहकार (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाले) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने विभाग या मूल काडर में वेतन मैट्रिक्स (रु.35,400–1,12,400) के स्तर-6 या समकक्ष में, आशुलिपिक श्रेणी में नियमित आधार पर	

			पाँच वर्ष की सेवा की हो; और **टिप्पण 1:** उन व्यक्तियों के लिए जो संशोधित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, पात्रता सेवा वही बनी रहेगी। **टिप्पण 2:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इन नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
10. ज्येष्ठ तकनीकी पर्यवेक्षक	09* (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु. 44,900-1,42,400) में स्तर-7	चयन	30 वर्ष तक। **टिप्पण1:** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक की छूट दी जा सकती है। **टिप्पण2:** आयु-सीमा निर्धारित करने हेतु निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी और न कि आसाम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पिति जिला व चम्बा जिले के उप-मंडल पांगी और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख, अंडामान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहने वालों के लिए विनिर्दिष्ट अंतिम तारीख।	संबंधित क्षेत्र में तीन वर्ष के अनुभव के साथ इंस्ट्रूमैन्टेशन या इलैक्ट्रॉनिकी या इलैक्ट्रीकल या मैकेनिकल इंजीनियरी में डिग्री धारक हो। **टिप्पण:** केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जब भी कोई रिक्ति भरने का अवसर हो तो उस ट्रेड विशेष या अध्ययन-विषय का उल्लेख करे जिसमें इंजीनियरी की डिग्री अपेक्षित हो।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	दो वर्ष (सीधी भर्ती के लिए)	प्रतिनियुक्ति/प्रोन्नति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)। (संयुक्त पद्धति) दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा।	**प्रोन्नति:** वेतन मैट्रिक्स (रु.35,400-1,12,400) के स्तर-6 में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाला तकनीकी पर्यवेक्षक। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने हेतु) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव या सलाहकार (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाला) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने विभाग या मूल काडर में वेतन मैट्रिक्स (रु.35,400–1,12,400) के स्तर-6 या	

			समकक्ष में, उस पर नियुक्ति के पश्चात् नियमित आधार पर पाँच वर्ष की सेवा की हो; और (ख) इंस्ट्रुमैन्टेशन या इलैक्ट्रॉनिक्स या मैकेनिकल इंजीनियरी में डिप्लोमा धारक हो। **टिप्पण 1:** उन व्यक्तियों के लिए जो संशोधित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, पात्रता सेवा वही बनी रहेगी। **टिप्पण 2:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इन नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी	

			अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
11. अनुभाग अधिकारी	10* (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु. 44,900-1,42,400) में स्तर-7	चयन	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	प्रोन्नति के द्वारा जिसके विफल होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)	**प्रोन्नति:** वेतन मैट्रिक्स (रु.35,400-1,12,400) के स्तर-6 में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले सहायक। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी	**विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति पर विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव या सलाहकार (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाले) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने विभाग या मूल काडर में वेतन मैट्रिक्स (रु.35,400–1,12,400) के स्तर-6 या समकक्ष में, उस पर नियुक्ति के पश्चात् नियमित आधार पर पाँच वर्ष की सेवा की हो; और (ख) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक डिग्री धारक हो। **टिप्पण 1:** उन व्यक्तियों के लिए जो संशोधित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, पात्रता सेवा वही बनी रहेगी। **टिप्पण 2:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इन नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष	

			से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
12. प्रारुपण पर्यवेक्षक	01* (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु.35400-112400) में स्तर-6	चयन	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)/प्रोन्नति (संयुक्त पद्धति)।	**प्रोन्नति:** वेतन मैट्रिक्स (रु.35,400-1,12,400) के स्तर-6 में दो वर्ष की नियमित सेवा वाला ज्येष्ठ प्रारुपकार। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने विभाग या मूल	**विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति पर विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक या उप सचिव (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाला) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			काडर में वेतन मैट्रिक्स (रु.29,200–92,300) के स्तर-5 या समकक्ष में, उस पर नियुक्ति के पश्चात् नियमित आधार पर छह वर्ष की सेवा की हो; और (ख) सिविल इंजीनियरी में ड्राफ्टमैनशिप का दो वर्ष का डिप्लोमा धारक हो। **टिप्पण 1:** प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की संगणना करने के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सांतवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तंत्स्थानी वेतन मैट्रिक्स स्तर पर की गई सेवा समझी जाएगी। **टिप्पण 2:** उन व्यक्तियों के लिए जो संशोधित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, पात्रता सेवा वही बनी रहेगी। **टिप्पण 3:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 4:** इस या अन्य संगठन या केन्द्रीय सरकार के विभाग या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या केन्द्रीय या राज्य के स्वायत्त या कानूनी निकायों में ठीक इस नियुक्ति पर जाने से पूर्व धारित अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 5:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	

			टिप्पण 6: प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन से, 1 जनवरी, 2016 (वह तारीख जिससे सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन ढांचा लागू किया गया है) से पूर्व एक अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर की गई सेवा को वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर प्रदान किए गए तदनुरूपी ग्रेड वेतन या वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा, सिवाय जहां एक से अधिक पूर्व-संशोधित वेतनमान एक साझा ग्रेड वेतन या वेतनमान के साथ एक ग्रेड में आमेलित कर दिए गए हैं और जहां यह लाभ केवल उस पद या उन पदों को प्रदान किया जाएगा जिनके लिए वह ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है। **टिप्पण 7:** जब भी वर्तमान पदधारी पद को रिक्त करेगा और पोषक श्रेणी में कोई पदधारी उपलब्ध नहीं रहेगा तो प्रारुपण पर्यवेक्षक का पद स्वतः समाप्त हो जाएगा।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
13. ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायक	59* (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु.35400-112400) में स्तर-6	चयन	तीस वर्ष तक। **टिप्पण 1:** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक की छूट दी जा सकती है। **टिप्पण 2:** आयु-सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी और न कि आसाम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पिति जिला व चम्बा जिले के उप-मंडल पांगी और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख, अंडामान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहने वालों के लिए विनिर्दिष्ट अंतिम तारीख।	संबंधित क्षेत्र में दो वर्ष के अनुभव के साथ किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विज्ञान में मास्टर की डिग्री का धारक हो। किसी प्रख्यात संगठन या संस्थान में प्रदूषण नियंत्रण और संबंधित विषय वाले व्यक्तियों को अधिमानता प्रदान की जाएगी।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
आयु: नहीं शैक्षणिक अर्हता: विज्ञान में डिग्री	दो वर्ष (सीधी भर्ती के लिए)	पचास प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा। पचास प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा ऐसा न होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) और दोनों के न हो पाने पर सीधी भर्ती द्वारा।	**प्रोन्नति:** वेतन मैट्रिक्स (रु.25,500-81,100) में स्तर-4 में दस वर्ष की नियमित सेवा वाला ज्येष्ठ प्रयोगशाला सहायक। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी :	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने हेतु) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक या उप सचिव (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाला) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			(क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने विभाग या मूल काडर में वेतन मैट्रिक्स (रु.29,200–92,300) के स्तर-5 या समकक्ष में, उस पर नियुक्ति के पश्चात् नियमित आधार पर छह वर्ष की सेवा की हो; और (ख) स्तम्भ (7) में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं और अनुभव रखता हो। **टिप्पण 1**: प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की संगणना करने के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सांतवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तंत्स्थानी वेतन मैट्रिक्स स्तर पर की गई सेवा समझी जाएगी। **टिप्पण 2:** उन व्यक्तियों के लिए जो	

			संशोधित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, पात्रता सेवा वही बनी रहेगी। **टिप्पण 3:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इन नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 5:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण6:** प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन से, 1 जनवरी, 2016 (वह तारीख जिससे सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन ढांचा लागू किया गया है) से पूर्व एक अधिकारी द्वारा	

			नियमित आधार पर की गई सेवा को वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर प्रदान किए गए तदनुरूपी ग्रेड वेतन या वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा, सिवाय जहां एक से अधिक पूर्व-संशोधित वेतनमान एक साझा ग्रेड वेतन या वेतनमान के साथ एक ग्रेड में आमेलित कर दिए गए हैं और जहां यह लाभ केवल उस पद या उन पदों को प्रदान किया जाएगा जिनके लिए वह ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
14. ज्येष्ठ अनुवादक	01 * (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु.35400-112400) में स्तर-6	चयन	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)/प्रोन्नति (संयुक्त पद्धति)।	**प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने विभाग या मूल काडर में वेतन मैट्रिक्स (रु.29,200–92,300) के स्तर-5 या समकक्ष में, उस पर नियुक्ति के पश्चात् नियमित	**विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति पर विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक या उप सचिव (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाले) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			आधार पर छह वर्ष की सेवा की हो; और (ख) निम्नलिखित अर्हता रखने वाले जो: (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी के साथ हिंदी में मास्टर की डिग्री; या (ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी के साथ अंग्रेजी में मास्टर की डिग्री; या (iii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में और हिंदी व अंग्रेजी से भिन्न किसी अन्य विषय में, हिंदी माध्यम से मास्टर की डिग्री; या (iv) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर हिंदी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में और हिंदी व अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य विषय में, अंग्रेजी माध्यम से मास्टर की डिग्री; या (v) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य या वैकल्पिक विषयों के रूप में या दोनों में से एक परीक्षा के माध्यम के रूप में और दूसरा अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हो और साथ में हिंदी या अंग्रेजी से भिन्न किसी भी अन्य विषय में मास्टर की डिग्री; और	

			(vi) भारत सरकार के उपक्रम सहित, केन्द्रीय या राज्य सरकार के किसी कार्यालय में अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य का तीन वर्ष का अनुभव अथवा हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद का मान्यताप्राप्त डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स। **टिप्पण 1**: प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की गणना करने के प्रयोजन से, 1 जनवरी, 2016 या जिस तारीख से सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन ढांचे को लागू किया गया है, उससे पूर्व किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर की गई सेवा को उक्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर प्रदान किए गए तदनुरूपी ग्रेड वेतन या वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा। **टिप्पण 2:** उन व्यक्तियों के लिए जो संशोधित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, पात्रता सेवा वही बनी रहेगी। **टिप्पण 3:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इन नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 5:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	

			टिप्पण 6: प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन से, 1 जनवरी, 2016 (वह तारीख जिससे सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन ढांचा लागू किया गया है) से पूर्व एक अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर की गई सेवा को वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर प्रदान किए गए तदनुरूपी ग्रेड वेतन या वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा, सिवाय जहां एक से अधिक पूर्व-संशोधित वेतनमान एक साझा ग्रेड वेतन या वेतनमान के साथ एक ग्रेड में आमेलित कर दिए गए हैं और जहां यह लाभ केवल उस पद या उन पदों को प्रदान किया जाएगा जिनके लिए वह ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है। **प्रोन्नति**: श्रेणी में दो वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके विभागीय कनिष्ठ अनुवादक पर भी विचार किया जाएगा और यदि उसका चयन इस पद पर नियुक्ति के लिए हो जाता है तो इसे प्रोन्नति द्वारा भरा गया पद माना जाएगा। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
15. तकनीकी पर्यवेक्षक	17* (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु.35400-112400) में स्तर-6	चयन	30 वर्ष तक। **टिप्पण:** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक की छूट दी जा सकती है। **टिप्पण:** आयु-सीमा तय करने हेतु निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी और न कि आसाम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पिति जिला व चम्बा जिले के उप-मंडल पांगी और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख, अंडामान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहने वालों के लिए विनिर्दिष्ट अंतिम तारीख।	संबंधित क्षेत्र में तीन वर्ष के अनुभव के साथ इंस्ट्रूमैन्टेशन या इलैक्ट्रॉनिकी या इलैक्ट्रीकल या मैकेनिकल या ऑटोमोबाइल इंजीनियरी में डिग्री हो। **टिप्पण:** केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जब भी कोई रिक्ति भरने का अवसर हो तो उस ट्रेड विशेष या अध्ययन-विषय का उल्लेख करे जिसमें इंजीनियरी की डिग्री अपेक्षित हो।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
आयु: लागू नहीं शैक्षणिक अर्हता: हाँ	दो वर्ष	पचास प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) दोनों के न होने पर सीधी भर्ती द्वारा; और पचास प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा।	**प्रोन्नति:** श्रेणी में 10 वर्ष की नियमित सेवा वाले और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के दो वर्ष के पाठ्यक्रम का प्रमाणपत्र रखने वाले कनिष्ठ तकनीकी। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक या उप सचिव (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाले) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) –

			उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने विभाग या मूल काडर में वेतन मैट्रिक्स (रु.29,200–92,300) के स्तर-5 या समकक्ष में, उस पर नियुक्ति के पश्चात् नियमित आधार पर छह वर्ष की सेवा की हो; और (ख) संगत विषय-क्षेत्र में इंजीनियरी की डिग्री का धारक हो और प्रयोगशाला उपकरणों या औजारों की रखरखाव संबंधी मरम्मत में पाँच वर्ष से अनधिक का अनुभव रखता हो। **टिप्पण:** केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जब भी कोई रिक्ति भरने का अवसर हो तो उस ट्रेड विशेष या अध्ययन-विषय का उल्लेख करे जिसमें इंजीनियरी की एक डिप्लोमा अपेक्षित हो। **टिप्पणी 1:** प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की गणना करने के प्रयोजन से, 1 जनवरी, 2016 या जिस तारीख से सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की	**सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन ढांचे को लागू किया गया है, उससे पूर्व किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर की गई सेवा को उक्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर प्रदान किए गए तदनुरूपी ग्रेड वेतन या वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा। **टिप्पण 2:** उन व्यक्तियों के लिए जो संशोधित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, पात्रता सेवा वही बनी रहेगी। **टिप्पण 3:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इन नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 5:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 6:** प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन से, 1 जनवरी, 2016 (वह तारीख जिससे सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन ढांचा लागू किया गया है) से पूर्व एक अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर की गई सेवा को वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर प्रदान किए गए तदनुरूपी ग्रेड वेतन या वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा, सिवाय जहां एक से	

			अधिक पूर्व-संशोधित वेतनमान एक साझा ग्रेड वेतन या वेतनमान के साथ एक ग्रेड में आमेलित कर दिए गए हैं और जहां यह लाभ केवल उस पद या उन पदों को प्रदान किया जाएगा जिनके लिए वह ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
16. सहायक	17* (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु.35400-112400) में स्तर-6	चयन	30 वर्ष तक। **टिप्पण 1:** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक की छूट दी जा सकती है। **टिप्पण 2:** आयु-सीमा निर्धारित करने हेतु निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी और न कि आसाम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पिति जिला व चम्बा जिले के उप-मंडल पांगी और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख, अंडामान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहने वालों के लिए विनिर्दिष्ट अंतिम तारीख।	(क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक की डिग्री। (ख) 35 शब्द प्रति मिनट (प्रत्येक शब्द के लिए औसतन 5 कुंजी दबाव के साथ 10500 कुंजी दबाव प्रति घंटा) की दर से अंग्रेजी टंकण/30 शब्द प्रति मिनट (प्रत्येक शब्द के लिए औसतन 5 कुंजी दबावों के साथ 9000 कुंजी दबाव प्रति घंटा) की दर से कम्प्यूटर पर कौशल परीक्षा पास करनी होगी।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं	दो वर्ष	पचहत्तर प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर एक प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। पच्चीस प्रतिशत एक प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।	**प्रोन्नति:** वेतन मैट्रिक्स (रु.25,500-81,100) में स्तर-4 में 10 वर्ष की नियमित सेवा वाले उच्च श्रेणी लिपिक **टिप्पण 1:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **टिप्पण 2:** प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की गणना करने के प्रयोजन से, 1 जनवरी, 2016 या जिस तारीख से सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन ढांचे को लागू किया गया है, उससे पूर्व किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर की गई सेवा को उक्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर प्रदान किए गए तदनुरूपी ग्रेड वेतन या वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा। **टिप्पण 3:** उन व्यक्तियों के लिए जो पुनरीक्षित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, पात्रता सेवा वही बनी रहेगी।	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक या उप सचिव (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाले) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
17. लेखा सहायक	8* (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु.35400-112400) में स्तर-6	लागू नहीं होता।	तीस वर्ष तक। **टिप्पण1:** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है। **टिप्पण2:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी और न कि वह अंतिम तारीख आसाम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पिति जिला व चम्बा जिले के खंड पांगी और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख, अंडामान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप के अभ्यार्थियों के लिए विहित की गई है।	**आवश्यक**: (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से वाणिज्य में स्नातक की डिग्री। (ii) किसी ख्यातिप्राप्त संगठन या संस्थान में लेखा, लेखा-परीक्षा, नकदी संभालने या कोई अन्य संबंधित कार्य में तीन वर्ष का अनुभव।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	दो वर्ष	सीधी भर्ती द्वारा। **टिप्पण:** पदधारी के प्रतिनियुक्ति या लंबी बीमारी या अध्ययन छुट्टी या किन्हीं अन्य परिस्थितियों में एक वर्ष या इससे अधिक के लिए बाहर रहने के कारण हुई रिक्तियों प्रतिनियुक्ति के आधार पर जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है भरी जा सकेगी।	**प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्वायत्त या कानूनी संगठनों, पब्लिक सेक्टर, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था के ऐसे अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक या उप सचिव (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाले) या उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-4 (रु.25,500–81,100) या समतुल्य में, उस पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में दस वर्ष की नियमित सेवा की हो; और (ख) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से वाणिज्य में स्नातक डिग्री धारक। **टिप्पण 1:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 2:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवदेन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति या आमेलन के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित	

			वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के, जहां एक से अधिक पूर्व पुनस्थिति ग्रेड वेतन या वेतनमान साधारण वेतन मैट्रिक्स में स्तर में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उन पदों पर विस्तारित होगा जिसके लिए वेतन मैट्रिक्स में स्तर बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थानी वेतन मैट्रिक्स में स्तर में की गई सेवा समझी जाएगी।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
18. कनिष्ठ अनुवादक	01 *(2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु.35400-112400) में स्तर-6	लागू नहीं होता।	तीस वर्ष तक। **टिप्पण:** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक की छूट दी जा सकती है। **टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड-अंदमान तथा निकोबार द्वीप और	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी के साथ हिंदी में मास्टर की डिग्री; या (ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी के साथ अंग्रेजी में मास्टर की डिग्री; या (iii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में और हिंदी या अंग्रेजी से भिन्न किसी विषय में, हिंदी माध्यम से मास्टर की डिग्री; या (iv) किसी मान्यताप्राप्त

					लक्षद्वीप और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख के अभ्यर्थियों के लए विहित की गई है)।	विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर हिंदी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में और हिंदी या अंग्रेजी से भिन्न किसी विषय में, अंग्रेजी माध्यम से मास्टर की डिग्री; या (v) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य या वैकल्पिक विषयों के रूप में या दोनों में से एक परीक्षा के माध्यम के रूप में और दूसरा अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हो और साथ में हिंदी या अंग्रेजी से भिन्न किसी भी विषय में मास्टर की डिग्री; और (vi) भारत सरकार के उपक्रम सहित ,केन्द्रीय या राज्य सरकार के किसी कार्यालय में हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद कार्य का दो वर्ष का अनुभव या हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद का मान्यताप्राप्त डिप्लोमा या प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	दो वर्ष	एक प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। **टिप्पण:** पदधारी के प्रतिनियुक्ति या लंबी बीमारी या अध्ययन छुट्टी या किन्हीं अन्य परिस्थितियों में एक वर्ष या इससे अधिक के लिए बाहर रहने के कारण हुई रिक्तियों प्रतिनियुक्ति के आधार पर जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है भरी जा सकेगी।	**प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, स्वाशासी या कानूनी संगठनों, पब्लिक सेक्टर उपक्रमों, विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था के ऐसे अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने हेतु) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक या उप सचिव (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाला) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			वेतन मैट्रिक्स (रु.25,500–81,100) के स्तर-4 या समतुल्य में, नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में दस वर्ष की सेवा की हो; और (ख) जो स्तम्भ (7) में सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएं और अन्य अर्हताएं रखता हो। **टिप्पण 1:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 2:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवदेन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति या आमेलन के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के, जहां एक से अधिक पूर्व पुनस्थिति ग्रेड वेतन या वेतनमान साधारण वेतन मैट्रिक्स में स्तर में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उन पदों पर	

			विस्तारित होगा जिसके लिए वेतन मैट्रिक्स में स्तर बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थानी वेतन मैट्रिक्स में स्तर में की गई सेवा समझी जाएगी।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
19. आशुलिपिक श्रेणी-I	01*(2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु.35400-112400) में स्तर-6	चयन	तीस वर्ष तक। **टिप्पण1:** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है। **टिप्पण 2:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्फीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड-अंदमान और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख तथा निकोबार द्वीप और लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लए विहित की गई है)।	(क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से स्नातक डिग्री या समतुल्य। (ख) कम्प्यूटर पर क्रमशः 120 शब्द प्रति मिनट और 40 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति पर अंग्रेजी आशुलिपि और टंकण की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी; या (ग) कम्प्यूटर पर क्रमशः 120 शब्द प्रति मिनट और 35 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति पर हिंदी आशुलिपि और टंकण की परीक्षा उत्तीर्ण करनी। (घ) सरकारी या पब्लिक सेक्टर उपक्रम या स्वाशासी निकाय या ख्यातिप्राप्त निजी फर्म में आशुलिपिक के पद पर तीन वर्ष का अनुभव।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	दो वर्ष	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) दोनों के विफल होने पर सीधी भर्ती द्वारा।	**प्रोन्नति:** स्तर-4 में ऐसे आशुलिपिक श्रेणी-II जिन्होंने 10 वर्ष की नियमित सेवा की हो। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएघा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई, ऐसी आर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, स्वाशासी या कानूनी संगठनों, पब्लिक सेक्टर उपक्रमों, विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था के ऐसे अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-4 (रु.25,500–81,100) या समतुल्य में, नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में दस वर्ष की नियमित सेवा की हो;	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने हेतु) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक या उप सचिव (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाले) या उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			और (ख) जो स्तम्भ (7)(क) और (ख) या (ग) में सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएं और अन्य अर्हताएं रखता हो। **टिप्पण** 1: प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की संगणना करने के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 1 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गयी सेवा को उक्त वेतन आयोग की सिफ़ारिशों पर आधारित विस्तारित तंत्स्थानी वेतन मैट्रिक्स स्तर पर की गयी सेवा समझी जाएगी। **टिप्पण 2:** उन व्यक्तियों के लिए जो पुनरीक्षित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, पात्रता सेवा वही बनी रहेगी। **टिप्पण 3:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवदेन प्राप्त करने	

			की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 5:** प्रतिनियुक्ति या आमेलन के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के, जहां एक से अधिक पूर्व पुनस्थिति ग्रेड वेतन या वेतनमान साधारण वेतन मैट्रिक्स में स्तर में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उन पदों पर विस्तारित होगा जिसके लिए वेतन मैट्रिक्स में स्तर बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थानी वेतन मैट्रिक्स में स्तर में की गई सेवा समझी जाएगी।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
20. प्रकाशन सहायक	01* (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (रु.35400-112400) में स्तर-6	लागू नहीं होता	30 वर्ष तक। **टिप्पण:** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है। **टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्फीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड-अंदमान तथा निकोबार द्वीप और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख और	**आवश्यक:** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से स्नातक डिग्री। (ii) किसी ख्यातिप्राप्त संगठन या संस्थान में प्रकाशनों की छपाई सहित उत्पादन, विक्रय और वितरण में तीन वर्ष का अनुभव। **वाँछनीय**: किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से प्रिंटिंग प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा।

					लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लए विहित की गई है)।	

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	दो वर्ष (सीधी भर्ती के लिए)	प्रतिनियुक्ति द्वारा (लघु अवधि की संविदा भी है) जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा।	**प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों स्वाशासी या कानूनी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था के ऐसे अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-5 (29,200–92,300 रु.) या समतुल्य में, नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में छह वर्ष की सेवा की हो; और (iii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-4 (रु.25,500–81,100) या समतुल्य में, नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में दस वर्ष की सेवा की हो; और (ख) स्तम्भ (7) में सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित अर्हताएं और अनुभव रखता हो। **टिप्पण 1:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने हेतु) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक या उप सचिव (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाले) या उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			नहीं होगी। **टिप्पण 2:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवदेन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति या आमेलन के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के, जहां एक से अधिक पूर्व पुनस्थिति ग्रेड वेतन या वेतनमान साधारण वेतन मैट्रिक्स में स्तर में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उन पदों पर विस्तारित होगा जिसके लिए वेतन मैट्रिक्स में स्तर बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थानी वेतन मैट्रिक्स में स्तर में की गई सेवा समझी जाएगी।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
21. ज्येष्ठ पारुपकार	01* (2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (35400-112400 रु.) में स्तर-6	लागू नहीं होता।	तीस वर्ष तक। **टिप्पण:** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है। **टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न कि वह अंतिम तारीख	(i) सिविल इंजीनियरी में डिग्री; और (ii) किसी ख्यातिप्राप्त संगठन में इस क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव।

					जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्फीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड-अंदमान तथा निकोबार द्वीप और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख और लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिय विहित की गई है)।	

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	दो वर्ष (सीधी भर्ती के लिए)	सीधी भर्ती द्वारा। **टिप्पण:** पदधारी के प्रतिनियुक्ति या लंबी बीमारी या अध्ययन छुट्टी या किन्हीं अन्य परिस्थितियों में एक वर्ष या इससे अधिक के लिए बाहर रहने के कारण हुई रिक्तियों प्रतिनियुक्ति के आधार पर जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है भरी जा सकेगी।	**प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):** केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों या कानूनी संगठनों, पब्लिक सेक्टर के उपक्रमों, विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था के ऐसे अधिकारी : (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-5 (29,200–92,300 रु.) या समतुल्य में, नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में छह वर्ष की सेवा की हो; और (iii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-4 (25,500–81,100 रु.) या समतुल्य में, नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में दस वर्ष की सेवा की हो; और	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक या उप सचिव (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाला) अथवा उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

			(ख) स्तम्भ (7) में सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित अर्हताएं रखता हो। **टिप्पण 1:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 2:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवदेन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति या आमेलन के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के, जहां एक से अधिक पूर्व पुनस्थिति ग्रेड वेतन या वेतनमान साधारण वेतन मैट्रिक्स में स्तर में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उन पदों पर विस्तारित होगा जिसके लिए वेतन मैट्रिक्स में स्तर बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थानी वेतन मैट्रिक्स में स्तर में की गई सेवा समझी जाएगी।	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
22. डाटा प्रोसेसिंग सहायक	04(*2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (35400-112400 रु.) में स्तर-6	चयन	तीस वर्ष तक। **टिप्पण:** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है। **टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्फीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड-अंदमान तथा निकोबार द्वीप और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख और लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लए विहित की गई है)।	**आवश्यक:** कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक डिग्री या कम्प्यूटर अनुप्रयोग में डिप्लोमा के साथ किसी अन्य विषय-क्षेत्र में डिग्री। **वांछनीय:** इलैक्ट्रॉनिक आँकड़ा संसाधन या कम्प्यूटर अनुप्रयोग की प्रोग्रामिंग में अनुभव

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
आयु: नही। शैक्षिक अर्हताएं: जी हाँ	दो वर्ष	पचास प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा पचास प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा	**प्रोन्नति:** स्तर-5 में ऐसे डाटा एन्ट्री ऑपरेटर श्रेणी-I जिन्होंने छह वर्ष की नियमित सेवा की हो। **टिप्पण 1:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई, ऐसी आर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक या उप सचिव (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाला) या उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाएंगे) – **सदस्य;**

			उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **टिप्पण 2:** प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की संगणना करने के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तंत्स्थानी वेतन मैट्रिक्स स्तर पर की गई सेवा समझी जाएगी। **टिप्पण 3:** उन व्यक्तियों के लिए जो पुनरीक्षित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, पात्रता सेवा वही बनी रहेगी।	4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
23. चालक विशिष्ट श्रेणी	01(*2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ख', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (35400-112400 रु.) में स्तर-6	चयन	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
लागू नहीं होता।	दो वर्ष	प्रोन्नति द्वारा	**प्रोन्नति:** स्तर-5 में चालक श्रेणी-I जिन्होंने छह वर्ष की नियमित सेवा की हो। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध	**विभागीय प्रोन्नति समिति या विभागीय पुष्टि समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड - **अध्यक्ष;** 2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक या उप सचिव (बोर्ड की स्थापना का कार्य देखने वाला) या उसका नामनिर्देशिती – **सदस्य;** 3. बोर्ड के दो सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित

			में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई, ऐसी आर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **टिप्पण 2:** प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की संगणना करने के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तंत्स्थानी वेतन मैट्रिक्स स्तर पर की गई सेवा समझी जाएगी। **टिप्पण 3:** उन व्यक्तियों के लिए जो पुनरीक्षित नियमों की अधिसूचना की तारीख को पोषक पदों को नियमित आधार पर धारण किए हुए हैं, पात्रता सेवा वही बनी रहेगी।	किए जाएंगे) – **सदस्य;** 4. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड – **सदस्य।**

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
24. डाटा एन्ट्री ऑपरेटर श्रेणी-I	02 *(2021) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'ग', अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स (29200-92300 रु.) में स्तर-5	अचयन	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
